प्रपत्र–14

परियोजना का नामः– तराई केन्द्रीय वन प्रभाग में केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि योजना के अन्तर्गत वर्ष 1980 से पूर्व से निर्मित गदरपुर–दिनेशपुर–मदकोटा हल्द्वानी मोटरमार्ग (राज्य मार्ग सं0–05) को मदकोटा से हल्द्वानी तक दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु (किमी 17 से किमी 38 तक) वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## कार्य प्रारम्भ न होने का प्रमाण–पत्र।

दिनांक 19.05.2022 को प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर द्वारा भाकड़ा रेंज के निरीक्षण के दौरान भाकड़ा रेंज अन्तर्गत आनन्दपुर बीट, दक्षिणी लामाचौड़ बीट एवं पूर्वी पीपलपड़ाव बीट के अन्तर्गत गदरपुर–दिनेशपुर–मदकोटा–हल्द्वानी मोटर मार्ग (राज्य मार्ग सं0 05) के किनारे आरक्षित वन भूमि पर सड़क चौड़ीकरण हेतु मिटटी खुदान इत्यादि कार्य मौके पर पाया गया। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय के पत्रांक 2218/20–2 दिनांक 19.05.2022 से जारी निरीक्षण टिप्पणी में सम्बन्धित कार्मिकों को प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम 1927 यथा संशोधित 2001 की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम में तराई केन्द्रीय वन प्रभाग अन्तर्गत भाकड़ा रेंज में वन अपराध सं0 03/भाकड़ा/2022–23, 04/भाकड़ा/2022–23, 05/भाकड़ा/2022–23 तथा टाण्डा रेंज में वन अपराध सं0 06/टाण्डा/2022–23, 07/टाण्डा/2022–23 इजराय किया गया। प्रकरण में उक्त वन अपराधो की जांच हेतु प्रभागीय वनाधिकारी के कार्यालय के पत्रांक 2517 शि0/29–3 दिनांक 20.06.2022 द्वारा जांच अधिकारी नियुक्त किया गया।

जांच अधिकारी द्वारा अपने पत्र दिनांक 25.06.2022 द्वारा प्रेषित अन्तरिम जांच रिर्पोट से अवगत कराया गया है कि आरक्षित वन भूमि पर सड़क चौड़ीकरण हेतु मिटटी खुदान व भरान कार्य शुरू किया गया था जिसे मौके पर वन कर्मियों द्वारा रूकवाया गया। सड़क के किनारे वृक्षों का अवैध पातन नही पाया गया है।

प्रभागीय वनाधिकारी
प्रभागीय वनाधिकारी
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग
रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

प्रयोक्ता एजेन्सी
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)

वन क्षेत्राधिकारी
रुद्रपुर रेन्ज
त0के0व0प्र0 रुद्रपुर

वन क्षेत्राधिकारी
टाण्डा वन क्षेत्र

वन क्षेत्राधिकारी
हल्द्वानी वन क्षेत्र
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर

वन क्षेत्राधिकारी
भाखड़ा
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर